प्रदेश भर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये खोली जाएंगी 1200 लाइब्रेरी

चर्चा में क्यों?

25 जुलाई, 2022 को हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि प्रदेश भर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के लिये आधुनिक सुविधाओं से लैस 1200 लाइब्रेरी खोली जाएंगी।

प्रमुख बिंदु

- कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि ग्रामीण युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने की सुविधा दिलाने के उद्देश्य से ये आधुनिक लाइब्रेरी खोली जा रही हैं।
- उन्होंने टोहाना विधानसभा क्षेत्र के गाँव परिथला, फतेहपुरी, रसूलपुर, चांदपुरा, ललुवाल व हिंदवाला में ई-लाइब्रेरी एवं आधुनिक जिम का उद्घाटन करते हुए यह बात कही।
- ये वातानुकूलित ई-लाइब्रेरी पानी, नवीनतम कंप्यूटर, स्मार्ट बोर्ड सहित सभी सुविधाओं से लैस हैं। इसी तरह आधुनिक जिम में भी अच्छी तकनीक की मशीनें उपलब्ध करवाई गई हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/1200-libraries-for-the-preparation-of-competitive-examinations-across-the-state